# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

NAAC A++

पत्रांक : उ0पु0/1148
दिनांक : 09/12/2025

## विज्ञप्ति

मूल्यांकन समन्वयकों द्वारा अवगत कराया गया है कि परीक्षार्थियों द्वारा उत्तर पुस्तिका के मुख्य–पृष्ठ व उत्तर पुस्तिका के अन्दर विशेष पहचान चिन्ह बनाये जा रहे है तथा उत्तर पुस्तिका के अन्दर अनुक्रमांक लिख दिया जाता है। इस प्रकार के कृत्य किया जाना परीक्षा नियमों का घोर उल्लंघन है जो परीक्षा की शुचिता व पारदर्शिता के सर्वथा प्रतिकूल है जिस कारण मूल्यांकन की पूर्ण प्रक्रिया प्रभावित होती है।

अतः समस्त परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य/प्राचार्या से अपेक्षा है कि कक्ष निरिक्षकों/नोटिस बोर्ड के माध्यम से समस्त परीक्षार्थियों को अवगत करा दें कि यदि कोई भी परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका के बाहर अथवा अन्दर कोई भी विशेष पहचान चिन्ह व अनुक्रमांक अंकित करता है तो वह अनुचित साधन (U.F.M.) के उपयोग में दण्ड का भागी होगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व परीक्षार्थी का होगा। यदि किसी परीक्षा केन्द्र तथा कक्ष निरिक्षक द्वारा उक्त आदेशों के प्रति लापरवाही बरती जाती है तो विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु स्वतन्त्र होगा।

उक्त आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाय।

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि :–**

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया जी के सादर संज्ञानार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
04. समस्त परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य/प्राचार्या/केन्द्र पर्यवेक्षक को अनुपालनार्थ।
05. प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आश्य से कि विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले जिलों के सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाषित कराने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (गोप0)